क्लब, पब, डिस्को ,बार, हॉस्टल्स एवं पुस्तकालय 31 मार्च तक बंद रहेंगे

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-19-3-2020-11.docx (http://103.203.138.54/news/195305/document/LK-19-3-2020-11.docx)

DESCRIPTION

क्लब, पब, डिस्को ,बार, हॉस्टल्स एवं पुस्तकालय 31 मार्च तक बंद रहेंगे

जयपुर, 19 मार्च। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री रोहित कुमार सिंह ने कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए एक आदेश जारी कर प्रदेश में स्थित समस्त क्लब, पब, डिस्को, नाइट क्लब, बार समस्त हॉस्टल्स तथा सरकारी एवं निजी पुस्तकालय आदि को 31 मार्च 2020 तक बंद रखने के निर्देशजारी किए हैं।

प्रदेश के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग पर भी 31 मार्च तक प्रतिबंध लगाया गया है। राज्य के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में नए प्रवेश की प्रक्रिया से अभिभावकों एवं बच्चों को 31 मार्च तक उपस्थिति से मुक्त रखने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश में स्थित सभी रेस्टोरेंट्स में केवल होम डिलीवरी अथवा तैयार खाना घर ले जाने की सुविधा ही उपलब्ध रहेगी। रेस्टोरेंट में बैठकर खाने पर भी 31 मार्च तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **18/4/2020**